अर्थात हो सकता है कि 13 से 19 वर्ष के स्कूल जाने वाले सरकारी और निजी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्रा समान मानसिक, बोधिक, सामाजिक, शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ रखते हैं | इसका कारण यह भी हो सकता है कि किशोर विद्यार्थी मानसिक समस्याओं के ग्रस्थ हों, उनकी शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, और पारिवार की आर्थिक स्थिति सही ना हो| जिस कारणवश वह अवसाद में हों | सरकारी और निजी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले किशोर छात्र एवं छात्राओं में बढ़ती हुई आत्महत्या की प्रवृत्ति के माध्यमों मे सार्थक अंतर नहीं पाया गया| सरकारी और निजी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं में बढ़ती आत्महत्या के कारणों का अध्ययन किया गया जिसमे कि छात्र- छात्राओं के मध्यमनो में सार्थक अंतर नहीं पाया गया |

## 6. आत्महत्या जैसे घातक परिणामों से निपटने के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रमों की भूमिका और सुझाव:

- सर्वप्रथम माता-पिता तथा शिक्षकों को किशोरों के अच्छे मार्गदर्शक बनने की अति आवश्यकता है |
- सर्वप्रथम माता-पिता नहीं उनके अच्छे मित्र बनें|
- कुछ भी बोलने से पहले विचार जरूर करना चाहिए ताकि किशोरों को बोले गए शब्दों द्वारा दुख ना पहुंचे|
- किशोरों के साथ हमेशा प्यार से सम्मान से बात करनी चाहिए|
- उनके गलत व्यवहार के मुकाबले उनके अच्छे व्यवहार पर ध्यान देना |
- गलती करने पर किशोरों को डांटने के बजाए शांत रहना | और उन पर आरोप नहीं लगाना, उनका दोष सिद्ध करना गलत होगा, जब हालात शांत हों तब किशोरों को विश्वास और प्यार के साथ समझना उचित रहेगा |

## 7. निष्कर्ष:

आज के किशोरों में आत्महत्या एक ज्वलंत समस्या बन चुका है| पाँच में से हर चौथा किशोर-किशोरी किसी न किसी समस्याओं से ग्रसित हैं| किशोरों में किसी समस्या को लेकर गहन चिंता होना | किसी प्रकार की तनावपूर्ण घटना होना, जिससे ग्रसित होकर किशोर-किशोरियां धीरे-धीरे अवसादपूर्ण स्थिति में चले जाते हैं तथा जिसके फ़लस्वरूप आत्महत्या जैसे घातक परिणाम देखने को मिलते हैं | जो एक वैश्विक समस्या बनता जा रहा है | किशोरावस्था में आत्महत्या एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन चुका है आत्महत्या का प्रयास करने वाले अधिकांश किशोर-किशोरियाँ गम्भीर मानसिक स्वास्थ्य विकारों एवं तनाव अवसादों से ग्रसित

होते हैं | आत्मघाती हमला, आत्महत्या किशोरों में एक ज्वलंत और प्रमुख समस्या बन चुका है जो एक बहुत ही दुखद घटना होती है | कई बार किशोर और उनके माता-पिता खुद को एक दूसरे से अलग समझते हैं | एक दूसरे से उम्मीदें होने के बावजूद भी एक दूसरे के साथ खड़े रहना नामुमकिन सा प्रतीत होता है, जिस कारणवश माता-पिता और किशोर बच्चों के बीच गलतफेमियों का रोज का मुद्दा बन जाता है| और आयदिन दोनों के बीच विचार ना मिलने की वजह से बहस होने लगती है| जो धीरे धीरे दोनों के बीच बढ़ते मतभेदों का कारण बंनता जाता है| किशोरों में होने वाले आत्महत्या जैसे घातक परिणामों से निपटने के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रमों की भूमिका का होना अति आवश्यक है | परिवार, मित्रों ,स्कूल ,समाज से दूरी का निरंतर बढ़ते जाना विद्यालय मे ठीक से ना पढ़ पाना, कक्षा में खराब ग्रेड, दुख, क्रोध, चिंता ,निराश ,शर्म ,हर समय परेशान रहना इन सारी परेशानियों को दूर करने के लिए किशोरों में मार्गदर्शन की अति आवश्यकता है |

## संदर्भ सूची:

1 .परिवार का समर्थन और किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य। (2020)। समाजशास्त्र और मनोविज्ञान पत्रिका।
2 .स्कूलों में स्वास्थ्य शिक्षा के कार्यक्रमों की प्रभावशीलता। (2022)। शैक्षिक स्वास्थ्य पत्रिका।
3. किशोर स्वास्थ्य समस्याओं का वैश्विक परिप्रेक्ष्य। (2022)। यूनिसेफ।
4. किशोरों में होने वाली समस्याओं का परिचय - बच्चों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याएं |
5 .पटेल एम (2000) इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों एवं अभिभावकों को विधयार्थियों को उचित मार्गदर्शन देने की आवशयकता है | 13 से 16 आयु वर्ग के किशोर के पारिवारिक वातावरण और उनके आर्थिक स्तर का अध्ययन |
6 . रेमुस रनकन: किशोरावस्था में आत्महत्या: साहित्य की समीक्षा |
7. किशोरों में तनाव प्रबंधन तकनीकों का प्रभाव। (2023)। योग और ध्यान अनुसंधान पत्रिका।
8. परिवार का समर्थन और किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य। (2020)। समाजशास्त्र और मनोविज्ञान पत्रिका।
9. किशोर स्वास्थ्य समस्याओं का वैश्विक परिप्रेक्ष्य। (2022)। यूनिसेफ।
10. दवे और श्रीवास्तव: सामाजिक गतिविधियाँ और मानसिक स्वास्थ |

DOIs:10.2018/SS/ICRI-2024/02 --:-- Research Paper / Article / Review

# ग्राम पाठशाला का ढांचा व संचालन

**Jyoti ( ज्योति भाड़ाना )**
**शोधार्थी, (इतिहास विभाग), महाराजा अगरसेन, हिमालयन गढ़वाल यूनिवर्सिटी**
Email - jyotiharsh02@gmail.com

**शोध सार :** प्राचीन काल से ही अनेक महापुरुषों ने समय समय पर अपनी क्षमता अनुसार भारत के विकास व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। जैसे राजा राममोहन राय, डॉक्टर अंबेडकर आदि ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। वर्तमान काल में मानव अधिकार आयोग में कार्यरत DSP गुर्जर लाल बहार जी ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्राम पाठशाला मिशन हर गांव एक लाइब्रेरी मुहिम चलायी है। जिसके तहत प्रदेश में लगभग 2300 लाइब्रेरी बनायीं जा चुकी है। उनका लक्ष्य भारत के 6,64,369 गांवों में लाइब्रेरी बनवाना है। जहाँ युवा निशुल्क किसी भी परीक्षा की तैयारी कर सकें व अच्छी नौकरी प्राप्त कर सके।

ग्राम पाठशाला टीम भारत को पुस्तकालय का देश बनाना चाहती है। जिसमे उनका साथ दिया है RWA के अंकित भाटी नें हर लाइब्रेरी के लिए अपनी 50 किताबें निशुल्क दान की घोषणा की है। ग्राम पाठशाला मुहिम के तहत बनी लाइब्रेरी का संचालन ग्राम दान से चलता है। जैसे कि गांव के लोग शादी ब्याह, जन्मदिन या बरसी पर भी गांव की लाइब्रेरी के लिये 500 या 1000 या अधिक राशि का भी दान करते हैं, जिन्हें इन लाइब्रेरी से पढ़कर नौकरियां मिली हैं। वह तो अपनी पहली तनख्वाह का कुछ भाग दान करते हैं। वह अन्य गांवों में भी लोगों को लाइब्रेरी बनवाने के लिये प्रेरित करते हैं तथा आर्थिक सहयोग भी करते हैं। यह मुहिम आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को पूरा करने में सहयोग दे रही है। इसके तहत रोजगार विथ अंकित के द्वारा लगभग 6,00,00,000 की किताबें दान की जाएगी।

## 1. प्रस्तावना :

### विषय चयन

**ग्राम पाठशाला-** ग्राम पाठशाला के तहत बन रही गांवों में लाइब्रेरी का संचालन किस प्रकार हो रहा है,यह एक बेहतरीन शोध का विषय है, क्योंकि यहाँ न कोई पदाधिकारी हैं ना कोई कार्यकर्ता ना हीं सरकार या किसी संस्था द्वारा उसका संचालन होता है। इस प्रकार वहा गांव की लाइब्रेरी में पढने वाले बच्चे ही व ग्रामीण लोग उसका भलीभाँति संचालन करते हैं, यह एक रोचक व उपयोगी विषय है।

**उपयोगिता-**

विकसित भारत की परिकल्पना में यह शोध अति महत्वपूर्ण है क्योंकि शिक्षित होगा भारत, तभी तो विकसित होगा भारत, ग्राम पाठशाला मुहिम के तहत बनायी गयी लाइब्रेरी गांवों में निशुल्क शिक्षा का प्रबंध करती है। वहाँ फ्री वाईफाई व अन्य लोगों , रोजगार विथ अंकित के द्वारा दान की गई स्पर्धा परीक्षा कि 50 किताबें होती है। जिनसे बच्चे नौकरी की परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी करते है। जैसे पुलिस, आर्मी शिक्षक, आइएएस डॉ. व बैंक इत्यादि।

यह मुहिम युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक कर रही है। गांवों में निशुल्क लाइब्रेरी की उपयोगिता को अब लोग समझ चूके हैं व बढ़ चढ़कर ग्राम पाठशाला की मुहिम से जुड़कर अपने गांवों के लिए लाइब्रेरी बनवा रहे हैं। वह गांव के लोग अपनी शादी या अन्य समारोह के कार्डों पर ग्राम पाठशाला अपने गांव में बनवाने का संदेश भी छपवा रहे हैं। जिससे अन्य गांवों के लोग भी जागरूक हों तथा ग्राम पाठशाला का प्रचार भी अन्य गांवों व जन सामान्य तक पहुँच सकें।

**2. कार्यप्रणाली**

**शोध का विषय व उद्देश्य**

- ग्राम पाठशाला के तहत बनायी गयी निशुल्क लाइब्रेरी का व्यय तथा संचालन विधि।
- लाइब्रेरी के संचालन की समस्या व समाधान।
- गांवों में किस प्रकार निःशुल्क लाइब्रेरी का निर्माण संभव है।
- ग्राम पाठशाला की मुहिम का वर्णन तथा इसके तहत निशुल्क लाइब्रेरी का ढांचे का वर्णन।
- निःशुल्क लाइब्रेरी गांवों में बनवाने की उपयोगिता व उद्देश्य।
- ग्राम पाठशाला का लक्ष्य।
- विकसित भारत के विजन में इसकी भूमिका
- बिना पद अधिकार के ग्राम पाठशाला संस्था का संचालन व भूमिका।
- ग्राम पाठशाला तथा रोजगार विथ अंकित के एक साथ मिलकर चलाए जा रहे महा पुस्तक दान का वर्णन।

**3. शोध में प्रयुक्त विधि।**

- साक्षात्कार विधि।
- सर्वेक्षण विधि।
- प्रश्नावली विधि।
- आंकड़ों का संग्रहण।
- पाठ या दस्तावेजों व अखबारों का विश्लेषण।

**ग्राम पाठशाला के तहत बनाई गई लाइब्रेरी का ढांचा व निशुल्क लाइब्रेरी की उपयोगिता**







**ग्राम पाठशाला टीम या संस्थान में कोई भी पदाधिकारी ही नहीं है। सभी जन अपने को कार्यकर्ता मानते हैं वह किसी पद अधिकार की होड़ में नहीं लगे हैं वह निस्वार्थ भाव से भारत को लाइब्रेरी का देश बनाने मे जुटे हुए हैं।**

**ग्राम पाठशाला टीम का कोई बैंक का खाता भी नहीं है। यह सब कार्यकर्ता या सदस्य स्वयं के खर्चे से गांव गांव जाकर** लोगों को अपने गांव में निशुल्क लाइब्रेरी बनाने को प्रोत्साहित करते हैं।

**इससे पूर्व इस विषय पर शोध नहीं हुआ है और न ही ग्राम पाठशाला के संचालन के विषय में कोई पुस्तक या शोध पत्र उपलब्ध है। यह प्रथम शोध पत्र है। इस ग्राम पाठशाला संचालन में पहला यह शोध पत्र पूर्ण रूप से मौलिक है।**

**4. संचालन-**

ग्राम पाठशाला के संचालन के लिए आम लोगों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया जा रहा है। ग्रामदान की तो ऐसी प्रथा चल गई कि लोग कोई भी मौका पुस्तकालय में दान करने का ढूंढ ही लेते हैं। जैसे विवाह, जन्मदिन, पुण्यतिथि अथवा नौकरियां लगाना। इसी से प्रेरित होकर रोजगार विथ अंकित कोचिंग सेंटर या यूट्यूब चैनल के कर्ताधर्ता अंकित भाटी जी ने

ग्राम पाठशाला की चौथी वर्षगाँठ के सम्मेलन में नोएडा के जी एन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कॉलेज में अगस्त में आयोजित हुए वहाँ हर पुस्तकालय में अपनी 50-50 किताबें दान करने की घोषणा की जिसके तहत लगभग 6,64,369 पुस्तकों का दान किया जाएगा जो कि कई करोड़ की कीमत से अधिक की है। । यह 6,00,000 से अधिक किताबें दान कर चुकें हैं। क्योंकि लास्ट सर्वे के अनुसार भारत में 6,64,369 गांव है तो यदि ग्राम पाठशाला के लक्ष्य अनुसार सभी गांवों में पुस्तकालय बनते हैं तो उनमें 32,00,000 1450 पुस्तकों का दान रोजगार विथ अंकित के द्वारा किया जाएगा, जिसकी कीमत लगभग 6,00,00,000 से अधिक है। इसलिए इस दान को पुस्तकों का महादान कहा गया है क्योंकि इससे पहले पुस्तकों का इतना बड़ा दान किसी भी महापुरुष ने इस संस्थान को नहीं किया गया है। अतः इस प्रकार छात्र अब उन 50 पुस्तकों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निशुल्क पुस्तकालय में कर पाएंगे।

इसी प्रकार गाँव के बच्चों व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर वहाँ की लाइब्रेरी का ध्यान रखते हैं। जैसे जो छात्र रात में सबसे आखिरी में लाइब्रेरी में पढ़ता है वह ग्रुप में डाल देता है कि लाइब्रेरी की चाबी मेरे पास है। इस प्रकार एक लाइब्रेरी में दो चाबी होती है तथा रोज़ ग्रुप मैसेज डाल दिया जाता है कि वह आज चाबी किस के पास है। इसी तरह मिल जुलकर उसकी देखरेख व बारी बारी से साफ सफाई तथा सामान का ध्यान रखते हैं। वॉट्सऐप ग्रुप ही आने जाने वाले ग्राम दान का हिसाब सबको पता चलता है व उसका मिलकर उचित उपयोग या मासिक खर्च किया जाता है। एक लाइब्रेरी का मासिक खच ₹1500 लगभग का होता है, जैसे वाईफाई अखबार व कुछ अन्य प्रतियोगी की पत्रिकाओं का है।





हिन्दुस्तान

पुस्तकालय को किताबें दान कर बच्चों की मदद कर रहे

■ रूपल राठी

ग्रेटर नोएडा। दनकौर के अंकित भाटी ग्राम पाठशाला की मुहिम से जुड़कर पुस्तकालय को किताबें दान कर रहे हैं। वह अब तक सैकड़ों किताबें दान कर चुके हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को भविष्य संवारने में मदद मिल रही है। साथ ही ग्राम पाठशाला की मुहिम को गति मिल रही है।

अस्तौली गांव के निवासी अंकित भाटी इन दिनों सुर्खियों में हैं। वह सोशल मीडिया के माध्यम से छात्रों को निशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराते हैं। अब वह ग्राम पाठशाला से जुड़कर बच्चों को अपनी रोजगार विद अंकित की प्रतियोगी परीक्षा की किताबें भी निशुल्क दे रहे हैं। अंकित ने बताया कि उन्होंने बिजनौर में अब तमक 700 लाइब्रेरी के लिए 64 लाख की किताबें दान की। इसके अलावा 1400 से ज्यादा पुस्तकालय के लिए करीब 1.30 करोड़ से अधिक की किताबें ग्राम पाठशाला के तहत दान कर चुके हैं। किताबें दान करने का यह सिलसिला अभी जारी है। उनका कहना है कि ग्राम पाठशाला गांव में निशुल्क लाइब्रेरी बनाने की सराहनीय पहल है। इसके साथ जुड़कर वह छात्रों का भविष्य संवारने में मदद कर रहे हैं।

ग्राम पाठशाला के संस्थापक सदस्य अजय पाल नागर ने बताया कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के सहयोग से निशुल्क पुस्तकालय खुलवा रहे हैं। पुस्तकालय खुलने के बाद सबसे अधिक समस्या छात्रों को किताबों की आती थी। उन्होंने अंकित भाटी से संपर्क किया तो वह किताबें दान करने के लिए तैयार हो गए। इससे उनकी मुहिम को भी गति मिली। अब लोग आसानी से अपने गांव में निशुल्क पुस्तकालय खुलवाने के लिए तैयार हो रहे हैं।

अंकित भाटी ग्राम पाठशाला को किताबें देते हुए। ● हिन्दुस्तान

**वर्ष 2009 में सफर शुरू हुआ**

अंकित ने बताया कि उनके पिता सरकारी शिक्षक हैं। 2008 में उनके पिता ने अस्तौली गांव में एक कोचिंग सेंटर शुरू किया। एक साल बाद उन्होंने पढ़ाना छोड़ दिया। 2009 से अंकित खुद ही बच्चों को पढ़ाने लगे। 2012 में उनका विदेश मंत्रालय में चयन हो गया। नौकरी के साथ-साथ यूट्यूब पर रोजगार विद अंकित के नाम से चैनल बनाया। इस पर प्रतियोगी परीक्षा का वीडियो बनाकर डालने लगे। एक साल के अंदर ही उनके चैनल ने छह मिलियन का आंकड़ा पार कर लिया। 2024 में उन्होंने नौकरी छोड़कर बच्चों को पढ़ाने के लिए जीवन समर्पित कर दिया। अब हर साल उनके साथ जुड़कर करीब पांच लाख छात्र परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

“ पुस्तकालय के साथ निशुल्क पुस्तक मिलने के बाद से मुहिम को गति मिली। रोजाना दस से अधिक लोग गांव में निशुल्क पुस्तकालय खुलवाने के लिए संपर्क कर रहे हैं। -लाल बहादुर सिंह, संस्थापक सदस्य, ग्राम पाठशाला

ये लाइब्रेरी सार्वजनिक भवन में होती है जैसे पंचायत घर या सरकारी स्कूल व मिश्र इसका बिजली का खर्चा न के बराबर होता है।

रोजगार विथ अंकित के महा पुस्तक दान की मुहिम के बाद प्रतियोगिता दर्पण ने भी कुछ पुस्तकालयों के लिए मासिक पत्रिका मुफ्त देने को कहा है।

इस प्रकार सभी ग्रामीण मिलकर अपने गांव की लाइब्रेरी से हर समस्या का समाधान स्वयं ही मिलकर निकाल लेते हैं वह स्वयं से पैसे इकट्ठा कर गांव की लाइब्रेरी की फर्नीचर आदि की जरूरतों को पूरा करते हैं।

| S.No. | Book Name | S.No. | Book Name |
|---|---|---|---|
| 1 | UP MATHS | 26 | RRB NTPC MATHS |
| 2 | UP POLICE HINDI | 27 | RRB NTPC SAMANYA GYAN |
| 3 | UP POLICE SAMANYA ADHYAYAN | 28 | RRB NTPC REASONING |
| 4 | UP POLICE REASONING | 29 | RRB NTPC SCIENCE |
| 5 | UP POLICE PRACTICE SET | 30 | COMPUTER GYAN |
| 6 | UTTAR PRADESH GK | 31 | ADVANCE MATHS |
| 7 | UP POLICE PREVIOS SOLVED PAPERS | 32 | CHIRAG HINDI $12^{th}$ BOARD |
| 8 | UP POLICE SI SOLVED PAPERS | 33 | CHIRAG ENGLISH $12^{th}$ BOARD |
| 9 | GENERAL KNOWLEDGE {HINDI} | 34 | CHIRAG BIOLOGY $12^{th}$ BOARD |
| 10 | GENERAL KNOWLEDGE {ENGLISH} | 35 | CHIRAG PHYSICS $12^{th}$ BOARD |
| 11 | STATIC GK {HINDI} | 36 | CHIRAG MATHS $12^{th}$ BOARD |
| 12 | STATIC GK {ENGLISH} | 37 | CHIRAG CHEMISTRY $12^{th}$ BOARD |
| 13 | MOOLVIDHI GYAN | 38 | CHIRAG HINDI $10^{th}$ BOARD |
| 14 | SAMANYA HINDI | 39 | CHIRAG ENGLISH $10^{th}$ BOARD |
| 15 | SAMANYA GYAN OBJECTIVE | 40 | CHIRAG MATHS $10^{th}$ BOARD |
| 16 | GENERAL ENGLISH | 41 | CHIRAG SCIENCE $10^{th}$ BOARD |
| 17 | RPF CONSTABLE & SI | 42 | CHIRAG SOCIAL SCIENCE $10^{th}$ BOARD |
| 18 | MENTAL APTITUDE | 43 | AGNIVEER GD |
| 19 | G.S NIDHI | 44 | AGNIVEER NURSING ASSISTANT |
| 20 | REASONING RAHUL SIR | 45 | AGNIVEER TECHNICAL EXAM |
| 21 | COMPLETE MATHS | 46 | AGNIVEER CLERK &STORE KEEPER |
| 22 | SSC GD HINDI | 47 | UPSSSC PET 2024 |
| 23 | SSC GD MATHS | 48 | BIHAR POLICE |
| 24 | SSC GD REASONING | 49 | UP LEKHPAL GRAMIN PARIVESH |
| 25 | SSC GD SAMANYA GYAN | 50 | LEKHPAL PRACTICE SET |

**5. चर्चा परिणाम का महत्त्व -**

ग्राम पाठशाला ने 15 अगस्त 2027 तक भारत को पुस्तकालय का देश बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर 6,64,369 गांवों में निशुल्क पुस्तकालय बनाने की मुहिम शुरू की है। जिसके साथ रोजगार विथ अंकित ने महा पुस्तक दान जोड़कर इस मुहिम में तेजी ला दी है। जिसके तहत हर युवा में जोश भर गया है। तथा रोजगार विथ अंकित की 50 पुस्तकें निशुल्क पाने के लिए

सभी ने अपने गांव में निशुल्क पुस्तकालय बनाने की मुहिम को तेज कर दिया है। जो 20 अगस्त 2020 को गंगोली गांव के प्रथम पुस्तकालय से शुरू हुई थी एक आंकड़ों के मुताबिक 2300 गांवों के लगभग पुस्तकालय बन चुकें हैं।

यदि यह कार्य इसी तेजी से चलता रहा तो बहुत जल्द ग्राम पाठशाला अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लेगी तथा इनके परिणामस्वरूप भारत का हर गांव का बच्चा निशुल्क नौकरियों की भर्ती की तैयारी कर रोजगार प्राप्त कर सकेंगा

गांवों से बेरोजगारी की दर घटेगी और ऐसा हो भी रहा है। इन निशुल्क पुस्तकालयों से 400 से अधिक युवाओं ने तैयारी कर विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरियां प्राप्त की है। जैसे पुलिस, बैंक, शिक्षक व अन्य क्षेत्रों में।

इन पुस्तकालयों का परिणाम बहुत ही सुखद व विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है। ग्रामीण युवाओं को अपना गांव छोड़कर शहर नहीं जाना पड़ेगा अपने परिवार से दूर , वह अपने गांव में ही निशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर पाएगा।

### 6. शोध सीमाएं-

ग्राम पाठशाला की मुहिम अपने आप में बहुत अनोखी व प्रभावशाली मुहिम है। जिसमें सभी निस्वार्थ भाव से जुड़कर ग्रामीण युवाओं की निशुल्क शिक्षा का प्रबंध करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत के गांवों को विकसित करने का प्रयास तथा युवाओं में रोजगार प्राप्ति के निशुल्क साधन इस निशुल्क पुस्तकालय के माध्यम से पहुंचने के प्रयास कर रहे हैं। अतः आने वाले समय में इसकी शोध सीमाएं बहुत विस्तृत होंगी। किस प्रकार एक संस्था ने शिक्षा के क्षेत्र में नयी क्रांति ला दी है, वह भी किसी पद व बैंक खाते के बिना और राष्ट्रीय स्तर पर इस मुहिम को पहुंचा दिया गया।

सामाजिक माध्यम से इसमें शोध कार्य किया जा सकता है।

### 7. ग्राम पाठशाला का प्रभाव

ग्राम पाठशाला की टीम दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। और उनसे प्रभावित होकर दिल्ली के गांव घिटोरनी में एक दो मंजिला लाइब्रेरी बनायीं गई। सरकारी जमीन पर जिसको सरकार से वेदपाल लोहिया जी ने नगर निगम से पास कराया तथा लाइब्रेरी बनाने के लिए ₹ 51,00,000 का दान चौ. रविंद्र लोहिया (घिटोरनी) ने किया। प्रदीप लोहिया, राजेंद्र लोहिया नितिन लोहिया तथा अनिल बैंसला जी ने अपनी देखरेख में इस निर्माण कराया तथा आज भी इसे संभाल रहे हैं। इसमें लड़कों की ऊपर तथा नीचे लड़कियों की लाइब्रेरी है तथा साथ में ही एक मुफ्त डिस्पेन्सरी भी है गांव के लिए।

इसी प्रकार ग्राम पाठशाला टीम से जुड़े लोकेश जी ने तो अर्जनगढ़ गांव में अपने ही घर के एक कमरे को किरायेदार से खाली कराकर उसमें ही अपनी गुरू डॉ. स्नेह के नाम से निशुल् लाइब्रेरी खोल दी, जिसमें गांव के बच्चे निशुल्क पढ़ते हैं तथा वहाँ से एक बच्चे मुकुल का चयन नर्सिंग ऑफिसर की पोस्ट पर 2024 में हो गया। लोकेश जी एक कंप्यूटर साइंस कके टीचर है जो समय मिलने पर लाइब्रेरी में बच्चों की मदद भी करते हैं।





## 8. अनुशंसा

- निष्कर्षों के आधार पर शोधकर्ताओं ने सिफारिश की।
- शिक्षा के क्षेत्र के महत्त्व को समझते हुए ग्राम पाठशाला मिशन हर गांव लाइब्रेरी से जुड़ कर भारत के हर एक गांव में निशुल्क लाइब्रेरी बनवाए तथा 2047 विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में सहयोग करें।
- युवाओं को भटकने से रोकें व गांवों से कोचिंग के लिए हो रहे पलायन को कम करने में सहयोग करें। भारत को हर गांव एक लाइब्रेरी बनाने की मुहिम के तहत 6,64,369 लाइब्रेरी बनाने में सहयोग करना।

**9. निष्कर्ष:**

अतः प्रस्तुत शोध पत्र से यह ज्ञात होता है कि ग्राम पाठशाला मुहिम के अंतर्गत किस प्रकार गांवों में निशुल्क पुस्तकालयों का निर्माण किया जाता है, उसका ढांचा व स्वरूप तथा गांवों में इसकी उपयोगिता क्या है?

ग्राम पाठशाला के निस्वार्थ भाव से प्रेरित हो कपिल देव व राजेश चौहान जैसे खिलाड़ी भी इस मुहिम का हिस्सा बिना शुल्क लिए ही बन गए हैं।

रोजगार विथ अंकित यूट्यूब चैनल व कोचिंग सेंटर के संस्थापक अंकित भाटी ने भी हर लाइब्रेरी को 50 किताबों का सेट जिसकी कीमत ₹9100 है। दान देने का अभियान ग्राम पाठशाला के साथ शुरू किया है। जिससे यह अभियान और तेज रफ्तार से गतिमय हो गया। दूरदर्शन व FM पर भी ग्राम पाठशाला के कार्यकर्ताओं का साक्षात्कार पूरे देश में देखा व सुना गया इसके तहत बने प्रथम गांव गंगोली के पुस्तकालय से "**बॉबी बैंसला**" जी ने EPFO की परीक्षा में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर गंगोली गांव अपने परिवार का नाम रोशन किया, जिससे अन्य छात्र भी प्रेरित हुए।

M.P. मलूक नागर जी द्वारा यह मुद्दा संसद में उठाने पर सरकार ने भी बजट में गांवों में निशुल्क पुस्तकालय के लिए 20,000 करोड़ का बजट पास करने की अनुमति दी। इस प्रकार ग्राम पाठशाला टीम ने लोकतंत्र के सही मायने आमजन को समझा दिए। शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति ला दी। बिना किसी धरने या आंदोलन के इस मुहिम को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा दिया व आमजन का सहयोग भी प्राप्त किया गया।

- विकसित भारत विजन में 2047 की संकल्पना को पूरा करने में ग्राम पाठशाला मिशन हर गांव, लाइब्रेरी का महत्वपूर्ण योगदान है।
- शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति लाना है।
- युवाओं को निशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के अवसर प्रदान करना।
- रोजगार प्राप्ति में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना।
- शिक्षा की तरफ युवाओं के रुझान बढ़ाना, उन्हें भटकने से रोकना।

- निःशुल्क लाइब्रेरी से पढ़कर अनेक युवाओं की सरकारी नौकरियों में नियुक्ति हुई है, जिससे अन्य युवा प्रेरित हो रहे हैं।
- जैसे सभापुर की लाइब्रेरी से बडोली की लाइब्रेरी से अंजू अबे ऊपर आएगी बैंसला, अजय, पुष्पेंद्र शर्मा, साहिल बैंसला सताराम ओमप्रकाश भारती, अंजू आदि हरियाणा पुलिस पटवारी व अन्य पद पर नियुक्त हुए हैं। यह लाइब्रेरी जगत बैंसला, सतवीर सिंह, विनोद बैंसला, डॉ. योगेश बैसला व धन सिंह ने अन्य के सहयोग से बनवाई।
- घिटोरिनी से अभिषेक कुमार (MBBS) द्वारा OPSC, एग्ज़ाम, अमन त्यागी व आफताब द्वारा NPCILका एग्जाम क्रैक किया गया, जिस लाइब्रेरी को श्री रविन्द्र लोहिया व वेदपाल लोहिया नितिन लोहिया , प्रदीप लोहिया व राजेंद्र लोहिया के द्वारा बनवाया गया।
- कैथल जिले से काकोत गांव की लाइब्रेरी से एक साथ 30 बच्चों का हरियाणा नौकरी में चयन हुआ।
- गांव गंगोली के बाबी बैंसला ने UPSC की EPFO की परीक्षा में तथा नोएडा के तनिष्क नागर गांव कल्दा निवासी ने B.Tech परीक्षा में टॉप किया।
- RWA पुस्तक दान की मुहिम से प्रेरित हो प्रतियोगिता दर्पण ने भी अपनी पत्रिका को कई लाइब्रेरी में निशुल्क देने की घोषणा की।
- ग्राम पाठशाला टीम बिना किसी पद व बैंक खाते के अपना कार्य कुशलता पूर्वक कर रही है।

**अभिस्वीकृति-**

- **राजवीर पिलवन करावल नगर**
- **डॉक्टर रीना वर्मा पॉडकास्ट यूट्यूब।**
- **चौधरी लोकेश जी अर्जनगढ़।**
- **चौधरी नितिन लोहिया घिटोरिनी**
- **चौधरी, तरुण लोहिया घिटोरनी।**
- **चौधरी, हेमंत लोहिया घिटोरनी।**
- **ग्राम पाठशाला टीम की सदस्य।**
- **दूरदर्शन समाचार में साक्षात्कार।**
- **अखबार की सबसे खबरों से डाटा एकत्र**
- **अन्य सामाजिक माध्यम जैसे एफएम व यूट्यूब साक्षात्कार।**
- **शादी कार्ड।**

**संदर्भ सूची।**

- **गुर्जर लाल बहार जी गांव गंगोली ,डीएसपी मानवाधिकार आयोग, दिल्ली।**

- **चौधरी, देवेंद्र सिंह दिल्ली पुलिस।**
- **डॉ.अजयपाल नागर टीचर व विद्यालय संचालक।**
- **चौधरी मलूक नागर, एम पी लोक सभा, उत्तर प्रदेश।**
- **अंकित भाटी रोजगार विथ अंकित।**
- **वेदपाल लोहिया। ,पूर्व निगम पार्षद अर्जनगढ़ दिल्ली।**
- **चौधरी, रवींद्र लोहिया घिटोरिनी।**
- **चौधरी राजेंद्र लोहिया घिटोरनी।**
- **चौधरी, प्रदीप लोहिया घिटोरनी।**

**Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences** ISSN: 2581-6241
Monthly, Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Journal Impact Factor: 7.384
Volume - 7, Special Issue - 12, November - 2024 Publication Date: 30/11/2024

DOIs:10.2018/SS/ICRI-2024/03 --:-- Research Paper / Article / Review

# गुप्तकाशी - उत्तराखंड एक धार्मिक स्थल, एंव पौराणिक महत्व

**Roopali Vashishtha**

Ph.D. Scholar (Dept of History) Maharaja Agrasen Himalayan Garhwal University. India.

Email - roopali.vashishtha@gmail.com

**सार** :- गुप्तकाशी में कई प्रमुख धार्मिक स्थल है जिसमें सबसे प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर और अर्धनारीश्वर मंदिर। गुप्तकाशी का नाम ''काशी यानी वाराणसी से जोड़ा जाता है और इसे भगवान शिव के कई मन्दिरों के कारण एक पवित्र स्थल माना जाता है। जब मैं अपने रिसर्च कार्य के लिए गुप्तकाशी गई तो वहां मैने कई प्राचीन स्थल देखे जो बहुत ही अद्भुत थे।



**शोध कुंजी शब्द :** भगवान शिव, गुप्तकाशी, पांडव, महाभारत, पौराणिक, धार्मिकस्थल, मणिकर्णिका कुंड, मानचित्र, केदारनाथ, उत्तराखण्ड

**1. प्रस्तावना:** "गुप्तकाशी" का नाम आते ही हमें भारत के धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर की याद आती है। यह स्थान उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। धार्मिक दृष्टि से गुप्तकाशी का विशेष महत्व है (और इसे मिनी काशी या छोटा काशी भी कहा जाता है) क्योंकि ऐसा माना जाता है कि भगवान शिव ने यहाँ कुछ समय के लिए गुप्ता रूप से निवास किया था। इस लिए यह स्थान "गुप्तकाशी कहलाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाभारत युद्ध के बाद पांडव भगवान शिव के दर्शन और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए काशी गए थे, परंतु भगवान शिव ने उनसे छुपने के लिए अपने रूप को गुप्त कर लिया था और उत्तराखंड की इस जगह पर, गुप्त रूप से निवास किया था, इस कथा के अनुसार भगवान शिव ने यहाँ के केदारखंड क्षेत्र में दर्शन दिए, जिससे यह स्थान धार्मिक महत्व का केन्द्र बन गया। गुप्तकाशी में प्रमुख आकर्षण विश्वनाथ मंदिर और अर्धनारीश्वर मंदिर है, जिनकी धार्मिक मान्यता काशी के विश्वनाथा मंदिर से जुड़ी मानी जाती है यहां अलकनंदा और मन्दकिनी नदियो का संगम भी होता है। जिससे यह स्थान और भी पवित्र माना जाता है।

गुप्तकाशी न केवल धार्मिक दृष्टि से गहत्वपूर्ण है, बल्कि यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली और पहाड़ी दृश्य भी लोगों को आकर्षित करते है इस प्रकार गुप्तकाशी की प्रस्तावना इसके धार्मिक,

सांस्कृतिक और प्राकृतिक महत्व को उजागर करती है, यह स्थान न केवल धार्मिक यात्रियों के लिए अपितु सभी प्रकृति प्रेमियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण स्थल है

**2. परिचय-** गुप्तकाशी, उत्तराखण्ड के प्राकृतिक वैभव के बीच छिपे हुए आश्चर्यों का खजाना है जो अपकी खोज और आगमन की प्रतीक्षा कर रहा है यह एक बहुत पवित्र स्थल है तथा केदारनाथ यात्रा का एक अद्भुत पड़ाव है केदारनाथ जी का रहस्य गुप्त काशी के रहस्य से जुड़ा हुआ है, गुप्तकाशी के हर एक कोने में एक कहानी छिपी है। जो भारत की संस्कृतिक विरासत की समृद्ध झलक पेश करती है।



यह स्थान केदारनाथ यात्रा मार्ग पर स्थित है और समुद्र तल से लगभग 1,319 मीटर (4,330) फीट की ऊंचाई पर स्थित है गुप्तकाशी अपनी प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक महल और पौराणिक कथाओं के कारण प्रसिद्ध है ।

गुप्तकाशी उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है, जो हिमालय को सुरम्य वादियों में बसा हुआ है यह स्थान धार्मिक, ऐतिहासिक और प्रकृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना हाता है।

**पौराणिक महत्वः-** गुप्तकाशी का नाम 'काशी' (वाराणसी) से लिया गया है। और इसे भगवान शिव के साथ जोड़ा जाता हैं पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाभारत के युद्ध के बाद पोडवों ने भगवान शिव से अपने पापों के प्रायश्चित के लिए आशीर्वाद प्राप्त करना चाहा। भगवान शिव पांडवों से छिपने के लिए गुप्तकाशी में आए इस लिए इसे (गुप्तकाशी) कहा जाता है। यहाँ शिवलिंग के रूप में भगवान शिव की पूजा की जाती है।

**ऐतिहासिक महत्व -** गुप्तकाशी का ऐतिहासिक महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की प्राचीन संस्कृति और परंपराओं से भी जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र का उल्लेख कई पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में मिलता है, जिनमें इस स्थान की धार्मिकता और महत्व का वर्णन किया गया है। ऐसा कहा जाता है कि यह स्थान प्राचीन समय में ऋषियों और मुनियों का निवास स्थल रहा है, और यहां कई तपस्वियों ने ध्यान किया था।

**धार्मिक स्थल -** गुप्तकाशी में कई प्रमुख धार्मिक स्थल हैं, जिनमें अर्द्धनारीश्वर मंदिर भी शामिल है। यह मंदिर भगवान शिव और देवी पार्वती के संयुक्त रूप को समर्पित है। इसके अलावा, गुप्तकाशी के पास केदारनाथ और त्रियुगीनारायण जैसे अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल भी हैं, जो हिंदू तीर्थयात्रियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।

**भौगोलिक महत्व -** गुप्तकाशी का स्थान समुद्र तल से लगभग 1,319 मीटर की ऊँचाई पर है और यह केदारनाथ यात्रा के मार्ग पर पड़ता है, इसलिए इसे एक प्रमुख पड़ाव के रूप में देखा जाता है। यहाँ की जलवायु ठंडी और सुखद होती है, जो पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। गुप्तकाशी की धार्मिक, पौराणिक, और ऐतिहासिक महत्ता के कारण यह स्थान उत्तराखंड के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है।




**मुख्य आकर्षण:-** गुप्तकाशी के मुख्य आकर्षण इस प्रकार हैं।

1- विश्वनाथ मंदिर :- गुप्तकाशी में भगवान शिव को समर्पित एक प्रसिद्ध मंदिर है, जो वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर से जुड़ा हुआ माना जाता है। मंदिर का स्थापत्य और आध्यात्मिक महत्व श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है।
2- अर्धनारीश्वर मंदिर - यह मंदिर भगवान शिव और माता- पार्वती के संयुक्त रूप की पूजा के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर आध्यात्मिकता और शक्ति प्रतीक है।
3- मणिकर्णिका कुंड - यह कुंड गुप्तकाशी के विश्वनाथ मंदिर के पास स्थित है। कुंड में दो धाराएँ हैं, जिनमें जिनमें से एक को
4- केदारनाथ यात्रा का आधारा - गुप्तकाशी से केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है । यहाँ से केदारनाथ के लिए के लिए हेलीकाप्टर भी उपलब्ध है।
5- प्राकृतिक सौंदर्यः- गुप्तकाशी हिमालय की हरी-भरी पहाड़ियों और बर्फ से ढके शिखरों से घिरा हुआ है। यह स्थान प्रकृति प्रेमियों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र है।



6- आवागमन -

सड़कमार्ग :- गुसकाशी सड़कमार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है और ऋषिकेश देहरादून व हरिद्वार से आसानी से पहुंचा जा सकता है।

निकटतम रेलवे स्टेशन : - ऋषिकेश

निकटतम हवाई अड्डा :- जॉली ग्रांट एयरपोर्ट देहरादून

**3. उद्देश्य -** गुप्त काशी का उद्देश्य धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है जो इस प्रकार से है।

- पापों से मुक्ति का स्थान:- गुप्तकाशी का प्रमुख उद्देश्य एक ऐसा पवित्र स्थल बनाता हे जहां व्यक्ति अपने पापों का प्रयश्चित कर सके।
- भगवान शिव की पूजा का केन्द्र:- गुप्तकाशी भगवान शिव को समर्पित एक महत्वपूर्ण तीर्थ है जहां शिवजी के दर्शन और पूजा से भक्तों को आत्मिक शांति और आर्शीवाद प्राप्त होता हे इस स्थान का मुख्य उद्देश्य शिवभक्तों को भगवान शिव की उपासना और ध्यान के लिए प्रेरित करना है।
- आध्यात्मिक शांति:- हिमालय की गोद में स्थित गुप्तकाशी का शांत और सुंदर वातावरण श्रद्धालुओं और पर्यटिकों का मानसिक और आत्मिक शांति प्रदान करता है। यहां का उद्देश्य लोगों को तनाव और चिंता से दूर कर आत्म-साक्षात्कार का अनुभव कराना है।
- धार्मिक आस्था को मजबूत करना:- गुप्तकाशी का उद्देश्य लोगों की धार्मिक आस्था को मजबूत करना है।

इन उद्देश्यों के कारण गुप्तकाशी न केवल एक धार्मिक स्थल है बल्कि एक ऐसा स्थान है जहाँ श्रद्धालु आकर अपने जीवन की गहरी आध्यात्मिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

**4. गुप्तकाशी शोधविधि -** शोधविधि का तात्पर्य इस क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक पहलुओं का अध्ययन किया जा सकता है।

1. प्रारंभिक शोध और समस्या की पहचानः
   - गुप्तकाशी के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का अध्ययन करना
   - इसके धार्मिक स्थलों और मान्यताओं के कारण इसे तीर्थ स्थल के रुप में महत्व को समझना
   - गुप्तकाशी की पौराणिक मान्यताओं जैसे पांडवों की शिव की खोज और इसकी धार्मिक मान्यताओं का प्रभाव
2. साहित्य समीक्षा:-
   - उपलब्ध साहित्य, धर्मिक ग्रंथों, पौराणिक कथाओं और ऐतिहासिक दस्तावेजों का अध्ययन करना।
   - इससे गुप्तकाशी के महत्व, यहां के मंदिरों मान्यताओं और धर्मिक अनुष्ठानों का पृष्ठभूमि ज्ञान मिलेगा।

- स्थानीय लोक कथाओं, तीर्थ यात्राओं और धार्मिक ग्रंथों में गुप्तकाशी का वर्णन भी महत्वपूर्ण स्रोत हो सकते हैं।

3. शोध का स्वरुप:-
- गुणात्मक शोध गुप्तकाशी के धार्मिक महत्व ऐतिहासिक घटनाओं स्थानीय कथाओं और आस्था का गुणात्मक विश्लेषण करना।
- मिश्रित विधि: गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों का प्रयोग किया जा सकता है जहां धर्मिक आंकड़ों के साथ तीर्थ यात्रियों की संख्या और प्रवृतियों का विश्लेषण किया जाए।

**5. डेटा संकलन विधियां**
- सर्वेक्षणः तीर्थ यात्रियों और स्थानीय निवासियें से उनकी मान्यताओं, अनुभवों और धर्मिक दृष्टिकोण को जानने के लिए प्रश्नावली का उपयोग।
- साक्षात्कार: पुजारियों, स्थानीय लोगों, और धार्मिक विद्ववानों के साक्षात्कार लेकर उनके विचारों और मान्यताओं को समझना।
- अवलोकन: गुप्तकाशी में होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों, त्योहारों, पूजा पद्धतियों और तीर्थ यात्रा के दौरान के वातावरण का प्रत्यक्ष अवलोकन।



**6. रिपोर्ट लेखन**

अध्ययन की गई सभी जानकारियों, विश्लेषण और निष्कर्षों को एक शोध रिपोर्ट के रुप में प्रस्तुत करना।
- रिर्पोट में गुप्तकाशी का धार्मिक, सांस्कृतिक और एतिहासिक महत्व पूरी तरह से स्पष्ट किया जाना चाहिए।

इस प्रकार गुप्तकाशी पर शोध विधि का एक व्यवस्थित और गहन प्रक्रिया होगी, जिससे इसके धर्मिक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आयामों का संपूर्ण अध्ययन किया जाएगा।

**7. निष्कर्ष -**

गुप्तकाशी एक ऐसा स्थान है जहां धार्मिक सांस्कृतिक और प्राकृतिक तत्वों का संगम देखने को मिलता है यह न केवल पांडवों की कथा और भगवान शिव की उपासना से जुड़ा हुआ है, बल्कि स्थानीय समाज की सांस्कृतिक पहचान का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। गुप्तकाशी तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को आत्मिकशांति, आस्था, और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है और इस क्षेत्र के धर्मि महत्व को बनाए रखने में भी योगदन देता है।

**संदर्भ सूची** - गुप्तकाशी के विषय में संदर्भ सूची तैयार करने के लिए कुछ प्रमुख स्रोतों का चयन किया है। जो इस प्रकार से है।
1. धर्मिक ग्रंथ: (वेद,पुराण, महाभारत में पांडवों की कथा आदि)
- शिव पुराण: गुप्त स्थानों में शिव जी के निवास की कथा।
- स्कंद पुराण: इस पुराण में गुप्तकाशी का उल्लेख मिलता है।

2. पौराणिक कथा और लोक साहित्य
3. धार्मिक और ऐतिहासिक दस्तावेज
4. पुरातात्विक सर्वेक्षण रिपोर्ट
5. भारतीय पुरातत्व विभाग के दस्तावेज
6. पुस्तकें और शोध कार्य
   - त्रिपाठी आर (2003) उत्तराखण्ड के धार्मिक स्थल
   - जोशी एच एस (2010) हिमालय की धर्मिक यात्रा।
   - सिंह,एम (2017) भारत के प्रसिद्ध शिव मंदिर
7. शोध पत्र और आलेख
   - शर्मा एस (2015) भारतीय सांस्कृतिक अध्ययन जर्नल 23, (2),45-601
   - वर्मा आर (2019) पर्यटन और सांस्कृतिक अध्ययन पत्रिका 5 (3), 34 -481
8. आनलाईन स्रोत
   - हिन्दू धार्मिक वेबसाइट- हिन्दी होलीडे.कोम
   - विकिपीडियाः गुप्तकाशी की सामान्य जानकारी के लिए
9. पुजारी व महन्त के साक्षात्कारः साक्षात्कार से जानकारी लेना पूजा विधि व अन्य बातों की
10. स्थानीय इतिहास व पर्यटक गाइड पर्यटक गाइड से जानकारी लेना
11. उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड की वेबसाइट:-

इन संदर्भो का उपयोग कर गुप्तकाशी पर एक गहन और विश्लेषणात्मक अध्ययन किया जा सकता है।

**Benefits to publish in "Shikshan Sanshodhan" :**

- Shikshan Sanshodhan is an Open-Access, peer reviewed, Indexed, Referred International Journal with wide scope of publication.
- Author Research Guidelines & Support.
- Platform to researchers and scholars of different study field and subject.
- Prestigious Editorials from different Institutes of the world.
- Communication of authors to get the manuscript status time to time.
- Full text of all articles in the form of PDF format and Digital Object Identification DOIs.
- Individual copy of "Certificate of Publication" to all Authors of Paper.
- Indexing of journal in all major online journal databases like Google Scholar, Academia, Scribd, SSRN, SCOPE and Internet Archive.
- Open Access Journal Database for High visibility and promotion of your article with keyword and abstract.
- Organize Conference / Seminar and publish its papers with ISSN.
- Provides ISSN to Conference / Seminar Special Issue, Proceeding papers Publications.


## Published By

Research Culture Society & Publication

**RESEARCH CULTURE SOCIETY & PUBLICATION**

**Email: shikshansanshodhan@gmail.com**

**Web Email: editor@ijrcs.org**

**http://shikshansanshodhan.researchculturesociety.org/**